# राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अन्तर्गत विज्ञान एवं गणित क्लब गतिविधियों हेतु दिशा–निर्देश

विद्यालय आधारित विज्ञान गणित की शिक्षा को विद्यालय के बाहर आनंदपूर्ण और सार्थक गतिविधि से जोड़ने एवं नवाचार और प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग से शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2015 में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम के विद्यालयों में क्रियान्वयन हेतु सभी विद्यालयों में विज्ञान एवं गणित क्लब के माध्यम से किया जाता है।

## ➢ विद्यालय में विज्ञान और गणित क्लबों के गठन का उद्देश्य :–

राज्य के प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों में विज्ञान, गणित एवं तकनीकी की ओर आकर्षित करना विद्यार्थियों को अवलोकन, प्रयोग द्वारा निष्कर्ष पर पहुंचना, मॉडल निर्माण, इत्यादि हेतु नवाचार और रचनात्मकता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विद्यालयों में विज्ञान एवं गणित क्लब का गठन किया जाना है।

## ➢ विज्ञान एवं गणित क्लब गठन एवं संचालनः–

- ✓ प्रधानाध्यापक की अध्यक्षता में प्रत्येक विद्यालय में विज्ञान एवं गणित क्लब का गठन किया जायेगा। विद्यालय प्रधान की भूमिका सहायक, मार्गदर्शक एवं कार्यक्रम के लिये सुविधा उपलब्ध कराने की होगी। क्लब के गतिविधियों के संचालन हेतु विज्ञान अथवा गणित के वरीय शिक्षक को सचिव के रूप में नामित किया जा सकता है।

- ✓ प्रत्येक क्लब में सदस्यों की संख्या कुल 20 (10 छात्र एवं 10 छात्राएँ) होगी। क्लब सदस्यों का चयन नोडल शिक्षक/शिक्षिका के मार्गदर्शन में निम्नानुसार किया जायेगा :–

| विद्यालय | विज्ञान एवं गणित क्लब के सदस्य |
|---|---|
| मध्यमिक/उच्च माध्यमिक स्तर (कक्षा 9–12) | कक्षा 9 एवं 11 के विद्यार्थी **(कुल–20 सदस्य)** |
| प्रारंभिक स्तर (कक्षा 1–8) | कक्षा 6, 7 एवं 8 के विद्यार्थी **(कुल–20 सदस्य)** |

- ✓ विज्ञान एवं गणित क्लब द्वारा विद्यालय स्तर पर एक वार्षिक कैलेन्डर का निर्माण किया जायेगा, जिसमें विभिन्न तिथियों पर होने वाले कार्यक्रमों का निर्धारण किया जायेगा। नोडल शिक्षक द्वारा प्रति दो माह में सभी सदस्यों के साथ विज्ञान एवं गणित क्लब की बैठक आयोजित कर पूर्व कार्यक्रमों की समीक्षा एवं आगामी 2 माह के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## ➢ विज्ञान एवं गणित क्लब की गतिविधियॉः–

- ✓ विद्यालय में विज्ञान की प्रयोगशालाओं, इंटीग्रेटेड साइंस मैथ लैब, अटल टिंकरिंग लैब एवं विज्ञान कॉर्नर का बच्चों के कक्षा शिक्षण में नियमित उपयोग सुनिश्चित करना ।
- ✓ राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस, ओलंपियाड, इंस्पायर अवार्ड योजना एवं विज्ञान गणित प्रौद्योगिकी से संबंधित प्रतियोगिताओं, दिनांक 10 नवम्बर, 2025 को अंतराष्ट्रीय विज्ञान दिवस एवं दिनांक 28 फरवरी, 2026 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन करना।
- ✓ जिले/प्रखंड के विज्ञान/तकनीकी विषय के उच्च शैक्षणिक संस्थानों को मेंटर संस्थान चिन्हित करते हुए उनका मार्ग दर्शन प्राप्त किया जाना अपेक्षित है ।

## ➢ वित्तीय व्यय हेतु निर्देशः–

- ✓ विद्यालय स्तर पर विज्ञान एवं गणित क्लब के गतिविधियों के आयोजन हेतु विद्यालय के समग्र शिक्षा के SNA अकाउंट में ड्राइंग लिमिट निर्धारित की जाएगी।
- ✓ इस राशि का उपयोग विज्ञान प्रदर्शनी, सेमिनार, बाल विज्ञान कांग्रेस, और सरकारी संगठन द्वारा आयोजित किसी भी विज्ञान से संबंधित कार्यक्रम के दौरान गतिविधियों के के आयोजन एवं प्रखंड स्तर पर बच्चों की प्रतिभागिता हेतु किया जा सकता है।
- ✓ विज्ञानिक गतिविधियों के प्रचार–प्रसार हेतु ई–सामग्री, आवश्यक इंटरनेट सुविधाओं और गतिविधियों के दौरान बच्चों के लिए अल्पाहार, यात्रा व्यय, पुरस्कार स्टेशनरी आदि के साथ–साथ समस्त आवर्ती व्यय हेतु किया जा सकता है।
- ✓ क्लब की गतिविधियों के सम्पादन के उपरांत विद्यालय की वित्तीय राशि संबंधी उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रखंड/जिला कार्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा।

◆◆◆